**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4370**
**उत्तर देने की तारीख: 19.08.2025**

**अनुसूचित जाति का उत्थान**

**4370. डॉ. राजकुमार सांगवान:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कोई विशेष योजनाएँ आरंभ की हैं, यदि हाँ, तो बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित जिले-वार प्रमुख उपलब्धियाँ क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग और कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु कोई योजना लागू की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पाँच वर्षों के दौरान उपरोक्त कार्यक्रमों से कितने लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क) से (ग):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय उत्तर प्रदेश राज्य और बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित पूरे देश में अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान योजनाओं, लाभान्वित व्यक्तियों और व्यय का विवरण **संलग्नक** में दिया गया है। इनमें से कई योजनाओं का ज़िलावार डेटा नहीं रखा जाता है।

इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सहायक उपकरणों, कत्रिम अंगों के लिए 'सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता (एडीआईपी योजना)' और दिव्यांगजनों के कौशल विकास प्रशिक्षण के

लिए राष्ट्रीय दिव्यांगजन कौशल विकास कार्य योजना (एनएपी-एसडीपी) की योजनाओं को लागू करता है। बागपत जिले में उपलब्ध कराए गए सहायक उपकरणों का विवरण नीचे दिया गया है:

| वर्ष | उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में शामिल लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 2020-21 | 93 |
| 2021-22 | 146 |
| 2022-23 | 116 |
| 2023-24 | 88 |
| 2024-25 | 95 |

**संलग्नक**

**अनुसूचित जाति का उत्थान के संबंध में डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4370, जिसका उत्तर 19.08.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

पिछले पांच वर्षों के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की इन योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभान्वित उत्तर प्रदेश और बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उपलब्धियों और लाभार्थियों की संख्या का विवरण

**(रु. करोड़ में)**

| क्र.सं. | योजना | व्यय | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जातियों और अन्य के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 2254.69 | 11790887 |
| 2 | अनुसूचित जातियों और अन्य के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 21364.95 | 22231139 |
| 3 | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए टॉप क्लास छात्रवृत्ति (टीसीएस) | 410.36 | 20340 |
| 4 | अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पीएम-केयर्स चिल्ड्रेन योजना (एफसीएस) के लाभार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग | 70.79 | 6790 |
| 5 | अनुसूचित जाति आदि के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना | 331.31 | 460 |
| 6 | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप (एनएफएससी) | 804.34 | 19584 |
| 7 | लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों के छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) | 320.42 | 87186 |
| 8 | ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक | 149.21 | 2025750 |
| 9 | ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक | 998.62 | 1920475 |
| 10 | ओबीसी के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप | 85.23 | 1842 |
| 11 | सिविल अधिकार संरक्षण (पीसीआर) अधिनियम, 1955 और अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) (अत्याचार निवारण) {पीओए)} अधिनियम, 1989 के कार्यान्वयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना | 2626.82 | 545050 |
| 12 | प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) का अनुदान सहायता घटक | 1428.39 | 248570 |
| 13 | वेंचर कैपिटल फंड | 378.95 | 134 |
| 14 | प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता सम्पन्न हितग्राही (पीएम-दक्ष) योजना | 265.70 | 187305 |
| 15 | दिव्यांगजनों के कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी-एसडीपी) | 30.99 | 17558 |
| 16 | दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए सहायता (एडीआईपी योजना) | 1408.94 | 1389621 |
| 17 | दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना (डीडीआरएस) | 568.12 | 162551 |
| 18 | दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं | 591.54 | 164770 |
| 19 | विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) योजना | 10.58 | 8789914 |

*****